अनुसंधान समिति के अध्यक्ष बने प्रो. संजय

लखनऊ। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह को भारतीय पुनर्वास परिषद की अनुसंधान समिति में अध्यक्ष नामित किया गया है। यह समिति विशेष शिक्षा एवं दिव्यांगता पुनर्वास के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गठित की गई है। प्रो. सिंह ने कहा कि इस योजना द्वारा पूरे देश में दिव्यांगता संबंधी अनुसंधानों को अमलीजामा पहनाया जा सकेगा। (संवाद)

पुनर्वास विवि के कुलपति डॉ. संजय सिंह बने अध्यक्ष

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. शकुंतला मिश्र राष्ट्रीय पुनर्वास विवि के कुलपति डॉ. संजय सिंह को सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय की संस्था भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा विशेष शिक्षा व दिव्यांगता पुनर्वास के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनी समिति में अध्यक्ष नामित किया है। आचार्य संजय सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय दिव्यांगता के क्षेत्र में अभिनव प्रयोग करने, उनको सुगम वातावरण उपलब्ध कराने, दिव्यांगजनों के उचित सेवायोजन एवं समाज की मुख्य धारा में दिव्यांगजनों को सम्मिलित किए जाने के लिए संकल्पित हैं

देखा। विवि स्तर पर प्रथम बार इ

किया। इसके बाद विधि-विधान से भू-विसर्जन करवाया गया।

दिव्यांगों के पुनर्वास के लिए समिति का गठन

■ एनबीटी सं., लखनऊः भारतीय पुनर्वास परिषद ने दिव्यांगों की विशेष शिक्षा व पुनर्वास के क्षेत्र में अनुसंधान के लिए समिति बनाई है। शकुंतला मिश्रा विवि के कुलपति प्रो. संजय सिंह इसके अध्यक्ष हैं। भारतीय पुनर्वास परिषद दिव्यांगता के क्षेत्र में शिक्षा एवं पुनर्वास के कार्यों के सुचारू संचालन के लिए काम करती है। शकुंतला विवि में दिव्यांगों के लिए डिजाइन विशेष पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं। इसीलिए विवि के वीसी को अब इसका जिम्मा दिया गया है। यह समिति अब देश भर में दिव्यांगों के पुनर्वास के लिए जरूरी अनुसंधान पर काम करेगी।

‘पासवर्ड याद है पड़ोसी को भूल रहे हैं’

शकुन्तला मिश्रा पुनर्वास विवि में व्यंग्यकार पंकज प्रसून के काव्य संग्रह सच बोलना पाप है' पर परिचर्चा



लखनऊ (एसएनबी)। डा. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि में हिन्दी व अन्य भारतीय भाषा विभाग तथा प्राथोटिक्स एवं आर्थोटिक्स विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सृजन सानिध्य के अन्तर्गत व्यंग्यकार पंकज प्रसून के व्यंग्य संग्रह' सच बोलना पाप है' पर परिचर्चा एवं व्यंग्य पाठ का आयोजन किया गया। इस मौके पर विवि के हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. यशवंत वीरोदय ने वर्तमान दौर पर व्यग्य कसते हुए कहा कि सोशल मीडिया के झूले में कुछ इस तरह झूल रहे है कि ‘ पासवर्ड याद है पड़ोसी का भूल रहे हैं’। उन्होंने कहा कि पंकज प्रसून ने न सिर्फ कविता में बल्कि गद्य व्यंग्य में भी महत्वपूर्ण स्थान बनाया है।

डा. शकुन्तला मिश्रा पुनर्वास विवि के कृत्रिम अंग पुनर्वास केन्द्र के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली से आये वरिष्ठ व्यंग्यकार सुभाष चन्दर ने कहा है कि पंकज प्रसून के व्यग्य शुरू तो हास्य से होते है लेकिन वह आक्रोश और करूणा के सहारे पाठको के मन एक तीखी चुभन का एहसास कराते है। विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रा. वीके सिंह ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को साहित्य से जोड़ने का कार्य लेखक ने किया है उनकी रचनाए आज के दौर की विद्रूपताओ का चलचित्र है। अद्रिक अंग पुनर्वास केन्द्र के प्रबंधक डा. रणजीत कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिताके विजेता प्रतिभागी पुरुस्कृत भी किया।

अनुसंधान समिति के अध्यक्ष बने कुलपति संजय सिंह : डा. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि के कुलपति आचार्य संजय सिंह को विशेष शिक्षा एवं दिव्यांगता पुनर्वास के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनी समिति के अध्यक्ष पद पर नामित किया गया है।

CITY DIGESTS

DSMNRU VC to head rehab council panel

Vice-chancellor of Dr Shakuntala Misra National Rehabilitation University **Prof Sanjay Singh** has been appointed chairman in the committee constituted by the Indian Rehabilitation Council

to advance research initiatives in the domain of special education and disability rehabilitation. It is a regulatory authority under ministry of social justice and empowerment, established to foster research endeavours in special education and disability rehabilitation, said VC Sanjay Singh.